प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

16.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे

हर्षवर्धन

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य को आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर है और जल्द ही हिमाचल मॉडल स्टेट बनकर उभरेगा। उन्होंने कल सिरमौर जिला के राजगढ़ में आयोजित जिलास्तरीय बैसाखी मेले की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि मेले व त्यौहार से आपसी भाईचारे व सौहार्द की भावना सुदृढ़ होती है। इस दौरान उन्होंने जिला स्तरीय बैसाखी मेले की स्मृतियों को संजोए रखने के लिए पत्रकार संघ राजगढ़ द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन भी किया।

.................................................

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि कुल्लू जिले के मंगलौर में एक सप्ताह के भीतर बैली ब्रिज तैयार किया जाएगा। उन्होंने कल इस क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को ब्रिज निर्माण के निर्देश भी दिए। गौरतलब है कि 12 अप्रैल को ये पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि इस पुल के स्थायी निर्माण के लिए शिमला से लोक निर्माण विभाग के टैक्नीकल विंग की एक टीम ने निरीक्षण किया है और नए पुल के निर्माण के लिए केंद्र सरकार को पत्राचार किया है। उन्होंने ये भी कहा कि पर्यटन की दृष्टि से ये पुल जिले की बंजार घाटी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

.................................................

वन मित्र

हमीरपुर जिले में वनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमीरपुर वन मंडल की 70 वन बीट में एक–एक वन मित्र की सेवाएं ली जाएगी। डी एफ ओ अंकित कुमार सिंह ने बताया कि जिले में वन मित्र भर्ती की प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि ज्वाइनिंग के बाद इन चयनित वन मित्रों को 7 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा और इसके बाद इनकी सेवाएं शुरू की जाएगी।

.................................................

पदक विजेता

थाईलैंड के बैंकॉक शहर में 7 से 12 अप्रैल तक आयोजित फर्स्ट थाईलैंड किक बॉक्सिंग वर्ल्ड कप में शिमला जिला के चिढ़गांव क्षेत्र की दो बेटियों ने पदक जीत कर प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में दीक्षिता शिलाल ने सिल्वर पदक और सनिका लल्टवान ने कांस्य पदक हासिल किया है। इन दोनों खिलाडियों ने आज शिमला में उपायुक्त अनुपम कश्यप से भेंट की। उपायुक्त ने कहा कि नशे से दूर रहने के लिए खेलों को अपने जीवन का अहम हिस्सा बनाना जरूरी है। खेलों से जहां शरीर स्वस्थ रहता है वहीं रोजगार के अवसर भी प्राप्त होते हैं। उन्होंने दोनों खिलाडियों को सम्मानित किया और उन्हें पूरा सहयोग प्रदान करने का भी आश्वासन दिया।

.....................................................

<u>मौसम</u>

प्रदेश में आगामी पांच दिनों तक मौसम के कड़े तेवर देखने को मिलेंगे। मौसम विभाग ने 18 व 19 अप्रैल को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू व मंडी जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान प्रदेश के कई भागों में ओलावृष्टि और आंधी तूफान को लेकर भी चेतावनी जारी की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि बारिश का सिलसिला 21 अप्रैल तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी की सम्भावना है।

.....................................................